सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 231 इंदौर, शुक्रवार 07 मार्च, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के लिए गुजरात सरकार से भी लेंगे सहयोग

◆ भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए राजस्थान सरकार के साथ मिलकर करेंगे काम - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के संदर्भ में मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार एकमत है। हम राजस्थान सरकार के साथ मिलकर श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के विकास के लिए हम गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप तो स्तुत्य है ही, हमारी सरकार उनके दूसरे महत्वपूर्ण पक्षों को भी समाज के समक्ष प्रकाश में लाएगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करना, सुदामा से मित्रता निभाना, वनवासी से प्रेम और गुरू-शिष्य परम्परा की मिसाल कायम करने जैसे प्रसंग शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को (समत्व भवन) मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए सभी समितियों को सक्रिय किया जाए। पुरातत्वविदों, धर्माचार्यों एवं भगवान श्रीकृष्ण साहित्य के अच्छे लेखकों को भी इस समिति में जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए भोपाल में आयोजित इस बैठक के अलावा उज्जैन और राजस्थान के जयपुर या भरतपुर या ब्रज या चौरासी कोस या अन्य किसी विशिष्ट स्थल पर समिति बैठकें की जाएं। इससे दोनों राज्यों में श्रीकृष्ण पाथेय के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुरा इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण का भारत देश (जम्बूद्वीप) के कई क्षेत्रों में आवागमन का उल्लेख मिलता है। समिति भगवान श्रीकृष्ण के उन सभी गमन स्थलों को चिन्हित कर इनका अभिलेखीकरण करें। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम को श्रीकृष्ण पाथेय के विकास एवं विस्तार के लिए केन्द्र बिन्दु बनाया जा सकता है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा लोक कल्याण के लक्ष्य पूर्ति के लिए यद्यपि मथुरा, उज्जैन, द्वारिका, ब्रज मंडल, मेवात, हाड़ौत, मालवा, निमाड़, गुजरात, राजस्थान, विदर्भ, महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की गईं, तथापि उनकी यात्रा का प्रमुख केन्द्र उज्जैन ही रहा था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक त्यौहारों में सरकार की सहभागिता बढ़ी है।

◆ बीजेपी पार्षद, थानेदार और पुलिसकर्मियों का रिश्वत 'सिंडिकेट'

# 25 लाख लेकर केस से हटा रहे थे तीन नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। एक साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में बुधवार आधी रात को SHO ऐशबाग जितेंद्र गढ़वाल, ASI मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और ASI पवन रघुवंशी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत FIR दर्ज की गई। ASI पवन रघुवंशी को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद यह कार्रवाई की गई।**

### बढ़ सकती है आरोपियों की संख्या

इसके बाद, भोपाल पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच ACP जहांगीराबाद सुरभि मीना से ACP हबीबगंज निहित उपाध्याय को सौंप दी। अब निहित उपाध्याय ही इस मामले की जांच करेंगे। इस मामले में अब तक पांच आरोपी हैं। और भी लोगों के शामिल होने की आशंका है।

### बीजेपी पार्षद का भी आया नाम

जांच के दौरान, टीकमगढ़ के एक पार्षद अंशुल जैन का नाम सामने आया, जिन्होंने कथित तौर पर मोईन खान की तरफ से 5 लाख रुपए की रिश्वत दी थी। अंशुल शुरू में टीकमगढ़ के नगरपालिका चुनावों में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे, बाद में वे BJP में शामिल हो गए। उन्हें भी FIR में आरोपी बनाया गया है। इससे इस मामले में आरोपियों की कुल संख्या पांच हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि अगर रिश्वतखोरी की साजिश में और लोगों के शामिल होने का पता चलता है, तो और लोगों पर भी आरोप लग सकते हैं।



### गिरफ्तार हो सकते हैं पुलिस अधिकारी

आरोपी पुलिस अधिकारियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1), और 13(2) और BNS की धारा 61(2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, इसमें शामिल सभी पुलिस अधिकारियों की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है।

### एएसआई के लापता होने की आशंका

हालांकि एएसआई पवन रघुवंशी को शुरुआत में हिरासत में लिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें रिहा किया गया या वे भाग गए, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि मामले को जांच के लिए लोकायुक्त को सौंपा जा सकता है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने इस संभावना से इनकार किया है। पूर्व जांचकर्ता एसीपी सुरभि मीना ने पूरी केस फाइल एसीपी हबीबगंज को सौंप दी है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि भोपाल पुलिस ही इस मामले की जांच करेगी।

### अफजल की रिमांड अवधि पूरी

इस बीच, साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर मामले के मुख्य आरोपी अफजल खान को उसकी पिछली रिमांड अवधि पूरी होने के बाद गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने पुलिस को आगे की पूछताछ के लिए एक दिन की और रिमांड दे दी है। यह मामला लगातार नया मोड़ ले रहा है, और आगे की जांच में और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

12 जिलों में ईओडब्ल्यू की रेड

# 19000 क्विंटल धान के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश, 5 हजार करोड़ का नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ यानि ईओडब्ल्यू ने धान के मामले में बड़ी धांधली पकड़ी है। 12 जिलों में धान उपार्जन समितियों में बड़ा फर्जीवाड़ा हो गया है। यह गड़बड़ी तब पकड़ में आई, जब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने 25 टीमों का गठन किया और यह टीमें पूरे प्रदेश में कार्रवाई करने पहुंची।**

ईओडब्ल्यू की टीम प्रदेश के 12 जिलों की 150 उपार्जन समितियों के साथ साथ 140 वेयर हाउसों की जांच करने पहुंची। प्रारंभिक सूचना के अनुसार अब तक करीब 19,910 क्विंटल धान में फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। ईओडब्ल्यू ने अनुमान जताया है कि इससे शासन को करीब 5 करोड़ रुपए के नुकसान हुआ है।

### धान की जगह भूसी मिली

दिलचस्प बात यह है कि सतना जिले के कनक वेयर हाउस में 535 क्विंटल धान के स्थान पर भूसी मिली है। वहीं वेयर हाउस में सेवा सहकारी समिति पिंडरा एवं सेवा सहकारी समिति हिरौंदी जिला सतना द्वारा धान का भण्डारण किया गया है।



### समितियां सरकार को लगा रही चूना

शासकीय उपार्जन में लगी समितियां द्वारा प्रतिवर्ष शासन को करोड़ों की आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है। धान से धन कमाने के इस खेल में उपार्जन समिति के पदाधिकारियों के अलावा कुछ ट्रांसपोर्टर, वेयर हाउस और राइस मिलें भी शामिल हो जाती हैं। इसी गड़बड़ी को पकड़ने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ईओडब्ल्यू को निर्देश दिया था।

### ईओडब्ल्यू ने इन जिलों में मारी रेड

ईओडब्ल्यू की 25 टीमों ने सतना, मैहर, सागर, पन्ना, ग्वालियर, बालाघाट, जबलपुर, डिंडोरी, रीवा, नर्मदापुरम, श्योपुर,नरसिंहपुर सहित 12 जिलों की 150 उपार्जन समितियों एवं 140 वेयर हाउस की जांच की है।

# संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग में मोतियाबिंद ऑपरेशन का विशेष अभियान

## एक माह में साढ़े नौ हजार से अधिक मरीजों के किए गए मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संभाग में संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत मोतियाबिंद ग्रस्त मरीजों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण और ऑपरेशन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पिछले एक माह में 9 हजार 685 मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन इंदौर संभाग के प्रतिष्ठित शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में कराये गए। पूर्व में हर माह औसतन 2 से 3 हजार ही ऑपरेशन होते थे।**

बताया गया कि संभागायुक्त दीपक सिंह के निर्देश पर पिछले एक माह में अभियान चलाकर मोतियाबिंद से ग्रस्त मरीजों के नेत्र परीक्षण और उनके ऑपरेशन के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्य किये गए। इसके अनुसार संभाग के सभी जिले इंदौर सहित धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर के चिन्हित स्थानों पर नेत्र परीक्षण के शिविर लगाये गए। इन शिविरों में मोतियाबिंद के सम्भावित रोगियों का परीक्षण किया गया और इन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। अभियान में द्वितीय चरण में सूचीबद्ध हितग्राहियों को उपचार हेतु संबंधित शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय से जोड़ा गया। चिन्हित हितग्राहियों को चिकित्सालय तक लाने और ले जाने की व्यवस्था शासकीय स्तर पर बस के माध्यम से की गई। चिन्हित अस्पतालों में लाकर चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ प्राइवेट हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज भी सहभागी रहे। एक महीने के इस अभियान में लगभग 9 हजार 685 ऑपरेशन हुए। इस अभियान के सुचारू संचालन के लिये जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। अभियान की प्रतिदिन समीक्षा की गई। अभियान के दौरान राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा जारी नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस की गाइडलाइंस का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया गया। संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा चोईथराम हॉस्पिटल जाकर गत दिनों निरीक्षण किया गया और मरीजों से भी बातचीत की गयी थी। अभियान में विभिन्न शासकीय विभागों, अशासकीय संस्थाओं, समाजसेवियों आदि का भी सराहनीय सहयोग रहा। अभियान में चिन्हित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन अरविन्दो, चोईथराम, शंकरा आई, रेटिना आई, इंडेक्स, जीवन ज्योति सहित जिला चिकित्सालयों, एमवाय अस्पताल आदि अस्पतालों में कराये गये।

## शासकीय लेनदेन में आयकर कटौती के संबंध में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शासकीय लेनदेन में आयकर कटौती (टीडीएस) के प्रावधानों के संबंध में इंदौर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जानकारी दी गई। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में इसके लिए एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में 6 मार्च को आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित हुआ।**

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले सत्र में इंदौर स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा दूसरे सत्र में इंदौर, महू, सांवेर और देपालपुर तहसील क्षेत्र के आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी जॉइंट कमिश्नर आयकर संजीव कुमार तथा डिप्टी कमिश्नर आयकर बीजू थॉमस, आयकर अधिकारी सुधीर शर्मा, आयकर निरीक्षक जयशंकर झा, सहायक आयुक्त जीएसटी अखिलेश कुमार यदुवंशी आदि ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आयकर अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। शासकीय लेनदेन में किस तरह आयकर की सीधे कटौती, आयकर के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही जीएसटी द्वारा जीएसटी टीडीएस के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया गया। बताया गया कि नवीन प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी टीडीएस के प्रत्येक माह किए गए टीडीएस पर रिटर्न जीएसटीआर- 7 जमा किया जाना अनिवार्य है। टीडीएस नहीं करने की स्थिति में भी प्रत्येक माह कि आगामी 10 तारीख के तक रिटर्न जमा किया जाना होगा। पूर्व में निल के रिटर्न होने पर टीडीएस रिटर्न जमा किया जाना अनिवार्य नहीं था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आयकर एवं वित्त सलाहकार कैलाश घाटिया, सहायक कोषालय अधिकारी मनोज वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जलाने के पहले ही पुलिस ने पुतला छिना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंत्री प्रह्लाद पटेल के एक बयान का इंदौर में दूसरे दिन भी विरोध किया गया। शहर के एक चौराहे पर मंत्री प्रह्लाद पटेल के पुतले की अर्थी निकाली गई इसके बाद जब पुतला जलाने की कोशिश की तो पुलिस ने पुतला छिन लिया।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान का विरोध जताया गया। दरअसल मंत्री ने एक बयान में उन्होंने जनता को भिखारी कह दिया था। उनके इस बयान को लेकर कांग्रेस द्वारा सभी जगह विरोध जताया जा रहा है। इंदौर में दूसरे दिन भी कांग्रेस नेताओं ने उनके इस बयान का विरोध किया और चौराहे पर मंत्री का पुतला फुंकने की कोशिश की।



गुरुवार को ब्लॉक 11 विधानसभा 3 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही महिला कार्यकर्ता अग्रसेन चौराहे पर एकत्रित हुए। नारेबाजी करते हुए उन्होंने मंत्री के बयान का विरोध किया। ब्लॉक अध्यक्ष निलेश सेन (शैलू) ने बताया कि मंत्री के बयान के विरोध में चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं को साथ चौराहे पर बैठकर नारेबाजी की गई। इसके बाद चौराहे पर मंत्री पटेल की पुतले की अर्थी निकाली गई और पुतले को घुमाया गया। इधर, कांग्रेस नेताओं द्वारा मंत्री के पुतला फुंकने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहले से मौजूद थी। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मंत्री के पुतले को पुलिस से बचाकर जलाने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस जवानों ने पुतला जलाने से रोकने का प्रयास करते हुए कांग्रेस नेताओं से पुतला छिन लिया। इस दौरान थोड़ी खींचतान भी देखने को मिली। निलेश ने बताया कि उन्होंने पुतले में आग लगा दी थी, लेकिन पुलिस ने पुतला छिन लिया था। कांग्रेस के इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अंकित पंवार, महिला कांग्रेस की सचिव रुक्मिणी यादव, सुभाष सिरसिया, दिनेश सिलावट, अभिषेक मित्तल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर एमटीएच में फ्री जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को सरकारी एमटीएच में महिलाओं की कई प्रकार की जांच फ्री में की जाएगी। महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग और इंदौर ऑब्सटेट्रिक एंड गायनाकोलॉजी स्पेशलिस्ट एसोसिएशन द्वारा इसे लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। IOGSA की अध्यक्ष डॉ. सुमित्रा यादव की पहल से इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। इसमें स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रस्तुतियां और महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सशक्तिकरण पर केंद्रित इंटरेक्टिव सेशन शामिल हैं। महिलाओं के ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खुद के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है। दरअसल अधिकांश महिलाएं खुद के स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षा बरतती हैं और कई बार यही लापरवाही गंभीर रोगों का रूप धारण कर लेती है। यदि समय रहते इन लक्षणों को पहचान लिया जाए तो महिलाएं शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकती हैं।

## जापान में भी गूंजेगा जय शिवाजी

### स्वाति काशिद का टोक्यो में होगा उद्बोधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। जापान की राजधानी टोक्यो में 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की अष्ट धातु से निर्मित 8 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस समारोह में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में अखिल भारतीय मराठा महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति युवराज काशिद इंदौर से टोक्यो पहुंचेंगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारत से 40 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार जैसी प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

यह कार्यक्रम 'आम्ही पुणेकर' संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज को भारत में देवतुल्य माना जाता है। उनकी प्रतिमा की स्थापना से भारत-जापान के सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिमा को जापान भेजने से पहले इंडो-जापान शिव स्वाभिमान रथ यात्रा के तहत 12 राज्यों में भ्रमण कराया गया। यह यात्रा सातारा से दिल्ली तक की गई थी। स्वाति काशिद ने वर्ष 2023 में स्वराज्य स्वाभिमान यात्रा का नेतृत्व किया था। उन्होंने जीजामाता की जन्मस्थली सिंदखेड़ महाराष्ट्र से मिट्टी और कलश लेकर लगभग 300 महिलाओं के साथ 400 किलोमीटर की पदयात्रा की। इस यात्रा के बाद इंदौर में तीन पुलिया चौराहे का नाम बदलकर जीजामाता चौक रखा गया, जहां जीजामाता की प्रतिमा भी स्थापित की गई।

## महेन्द्र पाठक विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार से होंगे सम्मानित



**इंदौर**। इंदौर के समाजसेवी महेन्द्र पाठक को विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर प्रातः 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे हॉल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान करेंगे। श्री पाठक को यह सम्मान बाल विवाह के रोकथाम और महिला एवं बाल कल्याण संबंधी गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिया जा रहा है।

## 'दिशा' की बैठक 8 मार्च को

**इंदौर**। सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 8 मार्च को प्रातः 10 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण सहित विकास संबंधी अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

# डॉक्टर को मुंबई और उज्जैन के दो ठगों ने 11 करोड़ का लालच देकर बनाया शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार में पुलिस ने एक डॉक्टर से धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने निवेश के नाम पर डॉक्टर को 50 लाख रुपए का लालच देकर ठग लिया। पुलिस इस मामले में मुंबई और उज्जैन के आरोपियों की तलाश कर रही है।**

रावजी बाजार पुलिस ने डॉक्टर प्रवीण कुमार मते (निवासी बी कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड) की शिकायत पर अंशुमन त्रिपाठी (निवासी सरजू अपार्टमेंट, कलिना मिलिट्री कैंप, मथुरादास कॉलोनी, मुंबई) और अभिषेक चौरसिया (निवासी महावीर नगर, उज्जैन) के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर प्रवीण की पहचान फरवरी 2024 में अंशुमन त्रिपाठी से हुई थी। उसने खुद को पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस का एडवाइजर बताते हुए शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया। अंशुमन ने डॉक्टर को एक ग्रुप में जोड़कर योगेश नामक व्यक्ति से संपर्क कराया और ऑर्बिट मॉल में ऑफिस होने का दावा किया। डॉक्टर ने पहले निवेश करने से मना कर दिया और सिर्फ मार्केट पर नजर रखने की बात कही। इस पर अंशुमन ने 7,000 रुपए मासिक शुल्क मांगा, जो डॉक्टर ने 12 फरवरी 2024 को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में अंशुमन ने डॉक्टर को 50 लाख रुपए निवेश करने पर 10 जून 2024 तक 11 करोड़ रुपए रिटर्न देने का वादा किया। उसने डॉक्टर को भरोसा दिलाया कि वह उनकी राशि क्रूड ऑयल और कॉपर में निवेश करेगा। डॉक्टर ने इस योजना में पैसे लगाने का फैसला किया और अलग-अलग किश्तों में रकम ट्रांसफर करनी शुरू कर दी। एक बार में 18 लाख रुपए नकद मंगवाकर अभिषेक को भेजे गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति से 5 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग तरीकों से डॉक्टर से पैसे लेना जारी रखा। धीरे-धीरे डॉक्टर से कुल 50 लाख रुपए ठग लिए गए। डॉक्टर प्रवीण को जब ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। यह मामला फायर ब्रिगेड परिसर से शुरू हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के नाम और मोबाइल नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई है।

**दो ड्राइवरों की मौत**

## एक के उपर ट्राली पलटी, दूसरे को पैदल चलते हुए आया अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दो ड्रायवरों की मौत हो गई। एक ड्रायवर के ऊपर खुद के ट्रेक्टर के पीछे लगी ट्राली पलटी खा गई। जबकि दूसरे को रात में पैदल चलते हुए हार्ट अटैक आ गया। दोस्त उसे नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।**

लसूड़िया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना ग्राम बिज्जू खेड़ी की है। यहां शाम करीब 6 बजे संतोष(35) पुत्र नाथूराम अहिरवार अपनी ट्रैक्टर ट्राली धो रहा था। ट्राली का लीवर छूटने से हादसा हो गया। ट्राली पलटने के दौरान संतोष उसके नीचे दब गया। कुछ देर बाद वहां से परिचित निकला तो उसने संतोष को अंदर दबे देखा। बाद में आसपास के लोगों को जानकारी दी और ट्राली सीधी कर उसे बाहर निकाला। उसे एमवाय लेकर आया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोष मूल रूप से ललितपुर का रहने वाला है। उसके परिवार में दो बच्चे, पत्नी व माता पिता है। वहीं एक भाई भी इंदौर में रहता है। संतोष एक साल पहले ही इंदौर आकर काम करने लगा था। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है। भंवरकुआ के पालदा में प्रभु तोल कांटे के पास मुंशी(45) निवासी सागर की मौत हो गई। दोस्तों ने बताया कि करीब रात 8 बजे मुंशी अपने दोस्त ज्ञान सिंह और अन्य के साथ नजदीक के ढाबे पर पैदल खाना खाने जा रहा था। तभी अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। वह गश खाकर ही वहां गिर गया। दोस्तों ने उसे उठाया और अस्पताल ले गए। रात में उसकी मौत हो गई। मुंशी मूल रूप से सागर के रहने वाला था। वह खुद की आयशर चलाते है। बुधवार को इंदौर में ट्रांसपोर्ट का माल खाली कर गाड़ी भरवाने के लिए रुके थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटी है। वहीं भाई शिवम यादव इंदौर में एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में है।

# ब्रोकर की हत्या में संदिग्ध का सीसीटीवी आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में कपड़ा ब्रोकर सचिन चोपड़ा की मौत के बाद पुलिस को जांच में सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। फुटेज में एक व्यक्ति उसके घर के पास निकलते दिखाई दिया है। जो पिछले दो दिनों से उसके साथ घूम रहा था।**



दरअसल, सचिन का शव बुधवार सुबह उसके घर में मिला था। परिवार ने पहले इसे हार्ट अटैक से मौत माना, लेकिन देर शाम आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस हत्या के एंगल से जांच में जुट गई है। घटना कालानी नगर की है। हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध नीली शर्ट में बैग लेकर घर के पास से निकलता हुआ दिखा। यह संदिग्ध पिछले दो दिनों से मृतक के साथ ही घूम रहा था। पुलिस की टीम रातभर उसकी तलाश में जुटी रही।एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, मृतक सचिन चोपड़ा कालानी नगर का रहने वाला था। टीआई तरुण भाटी की टीम को जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज मिले, जिनमें एक संदिग्ध की पहचान हुई। परिवार के मुताबिक, यह शख्स पिछले दो दिन से सचिन के साथ ही था। फुटेज में वह बुधवार सुबह सचिन के घर की तरफ से बाहर जाता दिखा। पुलिस को शक है कि रात में वह सचिन के साथ ही रुका था और किसी विवाद के बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक सचिन कपड़ों की ब्रोकरशिप का काम करता है। उसके परिवार में बेटा और मां है। घर में नीचे किराएदार रहते हैं। सचिन अलग कमरे में रहता था। वह देर जब भी घर आता तो सीधे कमरे में चला जाता था। पुलिस के मुताबिक, सचिन की मां ने बताया कि वह अपनी पत्नी से अलग रहता था और पांच साल का बेटा उसके साथ ही था। उसने प्रेम विवाह किया था। मंगलवार देर रात भी वह देर से आया और सीधा अपने कमरे में चला गया। इसके बाद बाहर नहीं निकला। बुधवार सुबह जब सचिन देर तक नहीं जागा तो उसकी मां ने दामाद राकेश शाह को फोन कर बुलाया। डॉक्टर ने शुरुआती जांच में ही गला घोंटने से मौत की आशंका जताई थी। फिलहाल, पुलिस संदिग्ध की तलाश में जुट गई है।

## रिश्तेदार ने बात करने और घूमने का दबाव बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तेजाजी नगर क्षेत्र में अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर आ रही महिला को उसके रिश्तेदार ने पसंद करने का कहकर बात करने और घूमने का दबाव बनाया। जब महिला नहीं मानी तो उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। बुधवार रात पीड़िता ने अपने रिश्तेदार सुनील पर थाने में यह शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उस पर एक माह बात करने और साथ में घूमने फिरने को लेकर दबाव बना रहा था। घर पर चक्कर लगाने लगा। पीड़िता ने परेशान होकर पति को घटना की जानकारी दी। दरअसल महिला (40) ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को वह अपने बेटे को स्कूल छोड़ने गई थी। रास्ते में सुनील मिला तो उसने पसंद करने की बात कही। आरोपी ने उससे बोला कि बात किया करो। महिला ने जब अपने शादीशुदा होने का कहकर वहां से जाने लगी तो आरोपी ने उसे बेटे को जान से मारने की धमकी दी। दूसरी बार 28 फरवरी की रात में एमपी ऑनलाइन दुकान के पास से वापस आते समय सुनील ने रास्ते में महिला को रोककर फिर से बात करने का दबाव बनाया। उस समय भी बच्चे को मारने की धमकी दी। इसके बाद तीसरी बार वह 5 मार्च को पीड़िता के घर के यहां चक्कर लगाने लगा। इसके बाद उसने पति को जानकारी दी। तब जाकर दंपती ने रात को थाने में पहुंचकर सुनील पर केस दर्ज कराया।

## टेंट हाउस गोदाम में आग, खाली कराई बस्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। चंदन नगर इलाके में बुधवार रात एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। आग बुझाने के लिए करीब दो लाख लीटर पानी और 5 हजार लीटर फोम डाला गया। रात में ही आसपास की बस्ती खाली कराना पड़ा।



फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के मुताबिक गोदाम की आग बुझा ली गई है। धुआं निकल रहा है। गर्म मलबे को ठंडा करने के लिए फायर फाइटर मौके पर मौजूद हैं। करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग ग्राम सिंदौड़ा के लालजी टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। गोदाम 20 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा के एरिया में बना हुआ है। रात में करीब 11 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची थी। गोदाम में रखे टेंट के सामान से आग ने भीषण रूप ले लिया था। पास ही सोयाबीन तेल का प्लांट है। गोदाम संजय पोरवाल के नाम पर है, जबकि इसकी देखरेख उनके भाई नीतेश पोरवाल करते हैं। यहां लगभग 100 मजदूर काम करते हैं। आग लगने के दौरान 60-70 कर्मचारी टेंट का सामान अनलोड कर रहे थे। फायरकर्मियों के मुताबिक, लाला जी टेंट हाउस को प्रयागराज कुंभ में टेंट लगाने का ठेका मिला था। कुंभ समाप्त होने के बाद वहां से टेंट लोड करके 3-4 गाड़ियां वापस लौटी थीं और अनलोडिंग का काम चल रहा था। अभी कई और गाड़ियां आनी बाकी थीं, तभी शॉर्ट सर्किट से आग लगी और देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गुरुवार सुबह फायर स्टेशन से दो गाड़ियों को वापस बुला लिया गया। जबकि एक गाड़ी मौके पर मौजूद रही। एसआई करण सिंह अपनी टीम के साथ रातभर से आग बुझाने में लगे रहे। यहां आसपास के बस्ती इलाके को भी रात में आग के चलते खाली कराया गया था। इधर, पलासिया में संजीवनी अस्पताल के पास एक बंद पड़े फर्नीचर गोदाम में देर रात आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग को दो घंटे में काबू पाया। यहां पुराने फर्नीचर के साथ आर्टिफिशियल सामान बेचने का काम किया जाता है।

## मराठी कॉमेडी क्वीन विशाखा सुभेदार का इंदौर में नाटक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मराठी रंगमंच और टीवी की जानी-मानी कलाकार विशाखा सुभेदार इंदौर में नाटक 'द दमयंती दामले' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। सानंद न्यास द्वारा आयोजित यह नाटक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह, खंडवा रोड पर होगा।सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे और मानद सचिव संजीव वावीकर ने कहा कि विशाखा सुभेदार मराठी टीवी धारावाहिक, फिल्मों और रियलिटी शो 'फू बाई फू' तथा 'महाराष्ट्राची हास्य जत्रा' से घर-घर में लोकप्रिय हैं। इस कॉमेडी नाटक में पल्लवी वाघ-केळकर, सुकन्या काळण, सागर खेडेकर, संजीव तांडेल, वैदेही करमरकर, क्षितिज भंडारी और संजय देशपांडे भी अभिनय करेंगे। नाटक के लेखक और निर्देशक संतोष पवार हैं। नेपथ्य संदेश बेंद्रे, प्रकाश व्यवस्था अमोघ फडके और संगीत जितेंद्र कुलकर्णी का है। 8 मार्च को दो शो होंगे। पहला शो दोपहर 4 बजे रामू भैया दाते समूह के लिए और दूसरा शो शाम 7:30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिए होगा। 9 मार्च को तीन शो होंगे। सुबह 10 बजे मामा मुजुमदार समूह, दोपहर 4 बजे वसंत समूह और शाम 7:30 बजे बहार समूह के लिए नाटक का मंचन किया जाएगा।



# केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, इससे राज्यों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी :मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अगले पांच साल में प्रदेश के वर्तमान बजट को करेंगे दोगुना

### ◆ नदियों को जोड़कर विकास के लिए कर रहे पड़ौसी राज्यों के साथ समन्वय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केन्द्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी अर्थात् अनुदान बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य अपनी क्षमता और सीमित संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम करते हैं। केन्द्र सरकार से अधिक वित्तीय अनुदान मिलने से राज्य अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को अल्पकाल में ही प्राप्त कर सकेंगे। विकसित भारत का निर्माण, विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य सशक्त होंगे और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होंगे।**




डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी हैं। लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केन्द्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केन्द्र और राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सामंजस्य से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयोग के राज्य के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता का जिक्र कर वित्त आयोग से प्रदेश की अपेक्षाओं से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में और अधिक विकास के लिए केन्द्र सरकार से और अधिक वित्तीय सहयोग/अनुदान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में मध्यप्रदेश को भी योगदान देना है। हम विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त आयोग से कहा कि हम नदियों को जोड़कर जल बंटवारे के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ो परियोजना में हमने राजस्थान के साथ मिलकर किया जा रहा हैं। केन्द्र सरकार ने इस राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के लिए 90 हजार करोड़ रूपए आवंटित किए। इसी तरह केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों राष्ट्रीय परियोजना का भूमि-पूजन कर मध्यप्रदेश को गौरव प्रदान किया है। अब महाराष्ट्र सरकार के साथ ताप्ती नदी परियोजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले तक प्रदेश में केवल 7 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिचिंत थी, आज प्रदेश की 48 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को हम सिंचित कर चुके हैं। प्रदेश में नदी जोड़ो के लिए एक अभियान चला रहे हैं। किसानों के साथ हमारा आत्मीय संबंध है और खेतों तक पानी पहुंचाना हमारा पहला कर्तव्य है। हमारी नीतियों के कारण किसानों का जैविक खेती की ओर तेजी से रूझान बढ़ा है।

### मध्यप्रदेश भविष्य में प्रगति के प्रति जागरूक

सोलहवें वित्त आयोग ने आज भोपाल में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भविष्य में प्रगति के प्रति जागरुक भी है। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री अरविन्द पनगढ़िया ने कहा कि बडे राज्यों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उन्होने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उपलब्धियों के साथ औदयोगिक प्रगति भी जरुरी है।सिर्फ कृषि के आधार पर किसी देश के विकसित बनने का उदाहरण नहीं है। उन्होने कहा कि प्रदेश को नीतियों में सुधार लाना चाहिए। अपनी ऊर्जा का पूरा उपयोग जरुरी है। मध्यप्रदेश आगे बढ़कर कुछ क्षेत्रों में पहल कर कानूनों में सुधार करे तो केन्द्र भी सहयोग देगा । आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया ने कहा कि विकास होगा तो शहरीकरण भी होगा। यह जरुरी है लेकिन इसके लिए कदम उठाये जा सकते हैं। रोजगार निर्माण की प्रक्रिया भी साथ-साथ चलना चाहिए। उन्होने कहा कि आयोग पर विकसित भारत के लिए रोडमैप बनाने की चुनौती है। वित्त आयोग सभी राज्यों के साथ संवाद कर रहा है। संवाद सत्रों के बाद आयोग के सभी विशेषज्ञ सदस्यों के साथ परामर्श कर राज्यों को वित्तीय संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लिया जा सकेगा।

### बैतूल में कोयला खदान की स्लैब गिरने से बड़ा हादसा

# सुपरवाइजर समेत तीन की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल में कोयला खदान में दबकर 3 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों के शव खदान से बाहर निकाले गए हैं।

हादसा वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (WCL) पाथाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 3 बजे हुआ। यहां छतरपुर-1 खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर अंदर कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान छत ढह गई। बताया जा रहा है कि कोयला खदान की 10 मीटर की छत गिर गई थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने तीन शव खदान से बाहर निकाले हैं।

हादसे में इनकी हुई मौत- गोविंद कोसरिया (उम्र 37 वर्ष), पद- असिस्टेंट मैनेजर, रामप्रसाद चौहान (उम्र 46 वर्ष), पद- माइनिंग सरदार, रामदेव पंडोले (उम्र 49 वर्ष), पद- ओवरमैन।

एसपी निश्चल झारिया ने इन तीनों की मौत होने की पुष्टि की है। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सिर्फ तीन केजुअल्टी ही है। अंदर और कोई नहीं फंसा है।

### हरदा में प्रसव के दौरान मां बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा, एजेंसी।** हरदा जिले के भगवानपुरा गांव में बुधवार को एक र्भवती महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई। जिले में पिछले एक साल में लगभग 10 गर्भवती महिलाओं की मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, 22 वर्षीय तारा कोरकू को बुधवार रात 10:30 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, लेकिन उसके पति बलिराम ने आशा कार्यकर्ता को सुबह 4 बजे सूचना दी। देरी से अस्पताल पहुंचने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराली में बच्चे को मृत निकाला गया। अधिक रक्तस्राव होने पर तारा को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उसे भोपाल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस और 3 फर्म ब्लैक लिस्टेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसमें हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।**

गत दिवस लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सात जिलों में निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान कुल 34 कार्यों को रैंडम आधार पर चयनित किया गया, जिनमें 14 कार्य पी.डब्ल्यू.डी. सड़क/ पुल, 10 कार्य पी.आई.यू., 8 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम तथा 2 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम के अंतर्गत आए। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (बी.एंड आर), प्रमुख अभियंता (भवन विकास निगम), उपसचिव लोक निर्माण विभाग, समस्त मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। राजगढ़ जिले के छापीखेड़ा-नलखेड़ा मार्ग में सबग्रेड कार्य में बड़े पत्थरों के उपयोग की गड़बड़ी पाए जाने पर कंसलटेंसी एवं एजीएम आरडीसी श्री अभिषेक गोकरू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के निर्देश दिए गए।

नरसिंहपुर जिले में करेली-सिंहपुर-डांगीढाना मार्ग में सीमेंट कांक्रीट में ज्वाइंट निर्माण में लापरवाही के कारण ओपन हो जाने की शिकायत मिली। इस पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। बुरहानपुर जिले में धूलकोट शिवबाबा इटारिया एवं नरसिंहगढ़ शहरी क्षेत्र में कांक्रीट कार्य की धीमी गति को लेकर भी ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किये जाने के निर्देश दिए गए।

# सूचना आयुक्त पर 40 हजार रुपए जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्त पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि वह सरकार के एजेंट के रूप में काम न करें। साथ ही आवेदक को 2 लाख रुपए से ज्यादा की मांगी गई जानकारी मुफ्त देने के आदेश दिए हैं।**

बता दें, भोपाल के फिल्ममेकर नीरज निगम ने 2019 में सूचना के अधिकार के तहत पशुपालन विभाग में पदस्थ अधिकारी आरके रोकड़े के बारे में जानकारी मांगी थी। संबंधित सूचना अधिकारी ने 30 दिन के अंदर चाही गई जानकारी नहीं दी। इसके बाद फिल्ममेकर ने सूचना आयुक्त के समक्ष अपील दायर की थी। यहां से बिना जांच के ही अपील खारिज कर दी गई। फैसले को अगस्त 2023 में हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। गुरुवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। नियम कहता है कि तीस दिन के अंदर आवेदक को जानकारी दे दी जाए, पर 31 वें दिन विभाग के तरफ से नीरज निगम को पत्र लिखकर बताया गया कि, आपके द्वारा चाही गई जानकारी व्यापक है। इसके लिए 2 लाख 12 हजार पन्नों में यह जानकारी मिलेगी। अतः 2 लाख 12 हजार रुपए जमा करने होंगे। अपीलकर्ता ने अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती देते हुए बताया गया कि चूंकि सूचना 30 दिन के अंदर नहीं दी गई है, इसलिए जानकारी फ्री आफ कास्ट उपलब्ध करवाई जाए

### पेड़ से टकराई कार, एक की मौत

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले के बेलखेड़ी गांव के पास गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पथरिया पुलिस के मुताबिक, हादसे में कार में सवार लखन यादव की मौके पर मौत हो गई। कार में सवार पांच लोगों में से तीन घायल हुए हैं। एक किशोर बाल-बाल बच गया। घायलों में देवराज राजपूत (25) और देवेंद्र साहू (25) की हालत गंभीर है।

## संपादकीय

# चिंता : गुजरात में कैसे अपने वोट बैंक को बचाए कांग्रेस

लोकसभा में नेता विपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जुलाई, 2024 में कहा था कि हम गुजरात में मोदी और बीजेपी को हराएंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में कांग्रेस की हार के बाद अब राहुल गांधी बीजेपी को उसके सबसे मजबूत गढ़ में घेरना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस के अप्रैल में होने वाले दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन से ठीक एक महीने पहले गुजरात में कांग्रेस की जमीन को टटोलने पहुंचे हैं ताकि अधिवेशन में उसी के अनुरुप रणनीति बनाई जा सके। यह महज संयोग हैं कि जब राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेस नेताओं से मिल रहे होंगे तभी पीएम मोदी सूरत और नवसारी के दौरे पर रहेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को अहमदाबाद पहुंचकर पीसीसी, जीपीसीसी के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक होगी। राहुल गांधी के जिला कांग्रेस अध्यक्षों और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों से मिलेंगे। अगले दिन यानी आठ मार्च को राहुल गांधी सुबह पार्वी  नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यकर्ताओं और पूर्व प्रत्याशियों से भी चर्चा करेंगे। राहुल गांधी दोपहर बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे। राहुल गांधी 2027 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को 2017 जैसी कड़ी टक्कर देते हुए सत्ता तक कांग्रेस को पहुंचाना चाहते हैं। कांग्रेस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के संगठन में जो भी फेरबदल होने वाले हैं। उनकी शुरुआत गुजरात से की जाएगी। ऐसे में कांग्रेस भी बीजेपी की तरह गुजरात को ही प्रयोगशाला बनाएगी। गुजरात में कांग्रेस अभी मुख्य विपक्षी दल है, हालांकि आप की एंट्री से वह कमजोर पड़ी है, यही कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है कि वह कैसे अपने वोट बैंक को बचाए और फिर बीजेपी के सामने खड़ी हो। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि राहुल गांधी का 2025 में पूरे साल सक्रिय रहेंगे। इसके अलावा शीर्ष नेतृत्व से अन्य नेता भी गुजरात का दौरा करेंगे। वरिष्ठ नेता ने कहाकि राहुल गांधी इस बात से सहमत हैं कि 2027 में बीजेपी को बैकफुट पर धकेला जा सकता है। राहुल गांधी गुजरात को इस बार गंभीर दिख रहे हैं। उनके विश्वस्त सहयोगी और संगठन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले केसी वेणुगोपाल गुजरात में डेरा डाले हुए हैं। वह एक हफ्ते में दूसरी बार गुजरात पहुंचे हैं।

## महिला जगत

# महिलाओं के 5 अधिकार, जो उनकी जिंदगी की मुश्किलों को कर सकते हैं दूर

भारतीय संविधान महिलाओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है, जो उन्हें समानता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। महिला दिवस के मौके पर यहां संविधान द्वारा दिए गए पांच ऐसे अधिकारों के बारे में बताए जा रहे हैं, जो हर महिला को जरुर जानने चाहिए।



महिलाओं के अधिकारों और समानता की पेरवी करते हुए हर साल महिला दिवस मनाया जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को शिक्षा, करियर या किसी भी क्षेत्र में समान अवसर मिल सकें, इस बात को सुनिश्चित करते हुए 8 मार्च का दिन महिलाओं के नाम समर्पित कर दिया गया। इसी के साथ महिलाओं को उनके योगदान, परिवार व समाज में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित करना भी महिला दिवस का उद्देश्य है।

भारतीय महिलाओं की स्थिति में पहले से काफी बदलाव आया है। पर्दे के पीछे रहने वाली महिलाएं अब शिक्षा और करियर को लेकर अग्रसर हो रही हैं। हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक, उनके जीवन से जुड़े फैसले आज भी वह खुद नहीं ले सकती हैं। अधिकतर महिलाएं अपने फैसलों के लिए परिवार या पति की अनुमति पर आश्रित होती हैं। वहीं कई महिलाओं को तो उनके अधिकारों के बारे में जानकारी ही नहीं होती। चाहें पिता का घर हो या पति का घर, दफ्तर हो या बच्चों का पालन पोषण , एक महिला को इन सभी जगहों का खास अधिकार मिलें हैं, जिसकी जानकारी न होने के कारण उनका जीवन अनुमति पर निर्भर रहता है।

भारतीय संविधान महिलाओं को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है, जो उन्हें समानता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। महिला दिवस के मौके पर यहां संविधान द्वारा दिए गए पांच ऐसे अधिकारों (Women Rights) के बारे में बताए जा रहे हैं, जो हर महिला को जरूर जानने चाहिए।

## संविधान में महिलाओं के लिए अधिकार

### 1. घरेलू हिंसा से सुरक्षा

घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत, महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक शोषण से सुरक्षा मिलती है। महिलाएं पुलिस, महिला हेल्पलाइन या अदालत में शिकायत दर्ज कराकर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

### 2. समान वेतन का अधिकार

कामकाजी महिलाओं को दफ्तर में पुरुषों के समान काम के लिए बराबर वेतन मिलना चाहिए। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के तहत महिलाओं को समान काम पर पुरुषों के समान वेतन पाने का अधिकार है। अगर किसी महिला को उसके पुरुष सहकर्मी की तुलना में कम वेतन दिया जाता है, तो वह न्याय के लिए श्रम अदालत में जा सकती है।

### 3. मातृत्व लाभ का अधिकार

मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत, कामकाजी महिलाओं को मां बनने की स्थिति में 6 महीने का मातृत्व अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है। इस दौरान कंपनी उनके वेतन में कोई कटौती नहीं कर सकती है और उन्हें नौकरी से भी निकाल  नहीं सकती है। यह कानून महिलाओं को नौकरी में सुरक्षा और बच्चे की सही देखभाल का अवसर देता है।

### 4. संपत्ति का अधिकार

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अनुसार, पिता की संपत्ति या पुश्तैनी संपत्ति पर बेटे या बेटी दोनों का समान अधिकार है। शादी के बाद भी महिला अपने माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकती है।

### 5. यौन शोषण से सुरक्षा का अधिकार

कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अधिनियम के तहत अधिकार दिया गया है। हर कंपनी और संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का होना अनिवार्य है, जहां महिलाएं शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

इसके अलावा यौन उत्पीड़न की शिकार महिला को अपनी पहचान गोपनीय रखने का भी अधिकार है। केवल जिला मजिस्ट्रेट या महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में पीड़ित महिला अपना बयान दर्ज करा सकती है।

New Delhi

# होली से पहले तोहफे की तैयारी, सरकारी कर्मचारियों के डीए में हो सकती है इतनी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए जनवरी और जुलाई दो बार महंगाई भत्ते में इजाफा करता है. होली से पहले अगर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी होता है तो यह जनवरी से प्रभावी होगा. यह भी अक्सर देखा गया है कि मार्च में होली के आसपास महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में इजाफा किया जाता है. ताकि त्योहार से पहले कर्मचारियों को राहत मिल सके. दूसरी ओर, जुलाई में बढ़ोतरी की घोषणा आमतौर पर हर साल अक्टूबर या नवंबर में दिवाली के आसपास की जाती है.

गौरतलब है कि 5 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में हुई



बैठक के दौरान मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (DA) में बढ़ोतरी पर चर्चा नहीं की

थी. DA में सबसे हालिया बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब यह 50% से बढ़कर 53% हो गया था. 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने डीए को 46% की पिछली दर से बढ़ाकर मूल वेतन का 50% कर दिया था. यह ऐलान होली से कुछ दिन पहले 25 मार्च 2024 को की गई थी.

16 अक्टूबर, 2024 को कैबिनेट ने सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (DA) और पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत (DR) में 3% की बढ़ोतरी को मंजूरी दी. इससे डीए और डीआर दोनों 53% हो गए. संशोधित दरें 1 जुलाई, 2024 से लागू होनी थीं.

Maharashtra

## 'तुमसे भीख मांगता हूं...' पत्नी से प्रताड़ित शख्स ने लिखा आखिरी लेटर, फिर होटल रुम में लगा ली फांसी!

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई के विले पार्ले स्थित सहार होटल में एक 41 साल के शख्स ने फांसी पर झूलकर जान दे दी. शख्स ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी और उसकी मौसी द्वारा प्रताड़ना को इसका जिम्मेदार ठहराया. निशांत त्रिपाठी नाम के मृतक ने फांसी लगाने से पहले अपनी ही कंपनी की वेबसाइट पर अपना सुसाइड नोट अपलोड किया था.

इसमें उसने लिखा- 'ये अपूर्वा के लिए- हाय बेब.. जबतक तुम ये पढ़ोगी, मैं जा चुका होउंगा. जो कुछ भी हुआ उसके लिए अपने आखिरी वक्त में मैं तुमसे नफरत कर सकता था लेकिन इस पल के लिए मैंने प्यार को चुना. मैं तुम्हें तब भी प्यार करता था, मैं तुम्हें अब भी प्यार करता हूं. और जैसा कि मैंने वादा किया था- ये प्यार कभी कम नहीं होगा. मेरी मां जानती है कि मैंने जितने भी संघर्षों का सामना किया है उनमें तुम और प्रार्थना मौसी भी हैं जो मेरी मौत का कारण हैं. इसलिए तुमसे भीख मांगता हूं, मेरी मां के पास मत जाना. वह टूट चुकी है , उसे अकेले में शोक मनाने देना.' उसने अपनी मां अपने भाई और अपनी बहन सभी के नाम आखरी संदेश छोड़ने के बाद अपनी पत्नी अपूर्वा के नाम ये आखिरी पत्र लिखा है.पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक निशांत ने आत्महत्या से 3 दिन पहले ही होटल में कमरा बुक कर लिया था और आत्महत्या वाले दिन बाहर डू नॉट डिस्टर्ब का साइन भी लगा दिया था.

घटना के बाद निशांत त्रिपाठी की मां ने मुंबई के एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. आत्महत्या के बाद पहले तो पुलिस ने ADR दाखिल किया और बाद में मां की शिकायत के आधार पर BNS की धारा 108 के तहत निशांत की पत्नी अपूर्वा पारीक और उसकी मौसी प्रार्थना मिश्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई.

Haryana

## गांव का लड़का करता था परेशान, वंदे भारत ट्रेन के आगे कूद गई हरियाणा की एक बेटी

**सोनीपत, एजेंसी। हरियाणा के सोनीपत में एक नाबालिग बच्ची ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, सोनीपत के गनौर में इस लड़की को गांव का ही एक लड़का परेशान करता था। लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी लड़के और उसके दो दोस्तों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। एक को गिरफ्तार भी किया गया है।**

सोनीपत जीआरपी के एसएचओ जोगिंदर सिंह ने कहा, 'लड़की बुधवार को गनौर के पास वंदे भारत ट्रेन के आगे कूद गई। परिवार के मुताबिक गांव का ही एक लड़का उसे परेशान करता था जिसकी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया।'

घटना के बाद परिवार के लोगों ने शव की पहचान की जो काफी क्षत-विक्षत हो चुका था। लड़की 12वीं क्लास की स्टूडेंट थी। आरोप है कि लड़का लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था। दुखी होकर उसने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर लिया और वंदे भारत ट्रेन के आगे कूद गई।

Uttarpradesh

## जेसीबी का पंजा लगने पर घायल हुआ मासूम, चालक ने मिट्टी में दबा दिया, 15 घंटे बाद उगला सच, तब तक देर हो गई

**हरपालपुर, एजेंसी।** मजदूर पिता के कार्यस्थल पर खेल रहे मासूम को मिट्टी डालते समय जेसीबी का पंजा लग गया। घटना को छिपाने के लिए गंभीर रूप से घायल मासूम पर जेसीबी चालक ने मिट्टी का ढेर लगा दिया। लगभग 15 घंटे बाद पूछताछ में जेसीबी चालक ने हकीकत बताई, तो तीन घंटे तक मिट्टी हटाने के बाद मासूम का शव मिला। पुलिस ने जेसीबी चालक को हिरासत में ले लिया है। बलरामपुर के पचपेड़वा थाना क्षेत्र के सोनेपुर निवासी शत्रोहन मजदूरी करता है। इन दिनों हरपालपुर कोतवाली भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। मजदूरी के लिए शत्रोहन अपनी पत्नी सरिता और चार बच्चों के साथ निर्माण स्थल पर ही रहता



है। बुधवार की दोपहर दो बजे शत्रोहन ने परिवार के साथ खाना खाया था। इसके बाद उसका सबसे छोटा पुत्र रोहन (6) वहीं खेल रहा था। इसी दौरान अचानक वह लापता हो गया। काफी देर तलाशने पर भी कुछ पता नहीं चला तो शत्रोहन ने शाम साढ़े सात बजे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फौरन ही गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। देर रात उन्नाव से डॉग स्क्वायड भी मंगवाया गया। रात में कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच कुछ लोगों ने बुधवार को डाली गई मिट्टी के नीचे रोहन के दबे होने की आशंका जताई, तो पुलिस ने जेसीबी चालक शेखवापुर निवासी वर्षा सिंह उर्फ वीपी यादव से पूछताछ की।

खेल

# अब तक 14 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंच चुका है भारत

### सातवें खिताब पर टिकी होंगी नजरें

**दुबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के




बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में हराया था।

भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

पिछले कुछ वर्षों में भारत का आईसीसी टूर्नामेंट्स में दबदबा रहा है। भारत भले ही खिताब जीतने के मौके से चूकता रहा है, लेकिन लगातार नॉकआउट मैचों में पहुंचने में सफल रहा है। 2017 में आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी तब भी भारत फाइनल में पहुंचा था, लेकिन खिताब जीतने से चूक गया था। इसके बाद टीम 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा जहां न्यूजीलैंड ने उसे हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया। 2021 में पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी भारत को हार मिली। फिर 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2023 में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने हराया। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता।

सिनेमा

## 'नींद नहीं आ रही थी इसलिए खाईं 20 गोलियां', आत्महत्या के सवाल पर बोलीं सिंगर कल्पना



साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी सिंगर कल्पना राघवेंद्र को लेकर एक शॉकिंग खबर सामने आई थी. बताया गया था कि कल्पना ने नींद की दवाई खाकर आत्महत्या की कोशिश की थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया. हालांकि अब कल्पना ने आत्महत्या की कोशिश की बात को नकार दिया है. सिंगर का कहना है कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया. उन्हें नींद नहीं आ रही थी, जिसके लिए उन्होंने नींद की गोलियां खाई थीं. एक एजेंसी से बातचीत के दौरान कल्पना ने कहा, 'मैंने 8 गोलियां खाई थीं लेकिन फिर भी सो नहीं पा रही थी. फिर मैंने 10 और गोलियां लीं और बेहोश हो गई. मुझे नहीं पता उसके बाद क्या हुआ था.' पुलिस की रिपोर्ट में ये भी बताया गया था कि कल्पना राघवेंद्र की अपने परिवार से बहस हुई थी. ये बहस उनकी बेटी की पढ़ाई की चॉइस को लेकर थी. कहा गया था कि कल्पना चाहती थीं कि उनकी बेटी पढ़ाई के लिए हैदराबाद शिफ्ट हो जाए, जो उसे मंजूर नहीं था. डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि कल्पना राघवेंद्र को ड्रग ओवरडोज की समस्या हुई है. हालांकि फिर भी सिंगर ने इस बात पर जोर दिया है कि उन्होंने आत्महत्या की कोशिश नहीं की. अस्पताल के बाहर मीडिया से मिली कल्पना की बेटी ने भी मां की बात को दोहराते हुए कहा था कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश नहीं की थी.

## Highlights

1. Journalist Nidhi's parody account asks Raghav Chadha to verify Harvard email; she replies
2. Late PM Manmohan Singh's family approves memorial site near Raj Ghat
3. Karnataka CM arrives in Assembly in wheelchair to present Budget
4. Telangana cabinet clears Scheduled Caste sub-categorisation bill
5. Nonsensical: BJP's Aparna Yadav on Abu Azmi's remark on Aurangzeb

# After 90-hour workweek row, L&T Chairman SN Subrahmanyan announces 'one day menstrual leave'

**NEW DEIHI, (Agency).** Larsen and Toubro (L&T) Chairman SN Subrahmanyan has announced that women employees at the L&T parent group will now be eligible for one day of menstrual leave, Livemint reported.

This makes L&T one of the first in the industry to offer menstrual leave. In 2024, Odisha had become the first state in India to introduce a one-day menstrual leave policy for women workers in both the state government and private offices.

In September 2024, it was reported that Karnataka is mulling a six days of paid menstrual leave a year for women in both private and public sectors.

The draft Bill, christened 'The Right of Women to Menstrual Leave and Free Access to Menstrual Health Products,' aimed to improve work-life balance for women



by addressing the physical and emotional challenges they face during menstruation, and will be worked on by a government-appointed committee.

Subrahmanyan's 90-hour workweek suggestion

The menstrual leave at L&T comes in the wake of Subrahmanyan's 90-hour work week suggestion. During an interaction with the company's employees, he had said he wished he could make them work 90 hours each day, including on Sundays.

"I regret I am not able to make you work on Sundays, to be honest. If I can make you work on Sundays, I will be more happy because I work on Sundays too," Subrahmanyan had said.

He then went on to comment on alternatives to working on Sundays and said, "What do you do sitting at home? How long can you stare at your wife? How long can the wives stare at their husbands? Come on, get to the office and start working.

# Will Trump's tariffs make iPhones more expensive in India? Details here

**NEW DEIHI, (Agency).** US President Donald Trump has said that reciprocal tariffs will be imposed on several countries from April 2, as a measure to hit-back on countries that tax America. While making the announcement, he cited high tariffs in countries such as China, Brazil and India, but Indian officials held out hope for a resolution that could help India escape the tariffs and eventually culminate in a trade deal by this fall.

Though Trump didn't specifically refer to electronic goods in his joint session address of the US Congress, Indian electronics are still a key item imported by US tech firms,



according to a Mint report.

As a result, global brands like Apple which use India as a manufacturing hub can see their overall costs increase and this would pressurize the advantage India currently has over other countries as a low-cost, electronics manufacturing destination.

When it comes to scale, India's net exports of electronics amount to $30 billion. 60% of this is smartphones and two-thirds of those are Apple's iPhones.

What did Trump say about Indian tariffs?

Trump labelled the tariffs imposed by various countries on US goods as "very unfair" and singled out "higher than 100%" tariffs that he claimed India currently imposes, but this was on automotive imports from the US.

What tariffs does India impose on US-origin electronics?

The Centre in the interim Union budget last year reduced the import tariff on smartphones from 20% to 15%. Similarly, smartwatches also are currently facing a 20% import duty.

# समाज के चुनाव के बाद पूर्व विधायक और भांजा आमने सामने

## विवाद सोशल मीडिया पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की राजनीति में बाणगंगा क्षेत्र के शुक्ला परिवार का बड़ा दखल रहा है। इस परिवार के स्व. विष्णु प्रसाद शुक्ला का शहर में एक समय बड़ा रसूख रहा है, लेकिन कान्यकुब्ज समाज के चुनाव के बाद परिवार की लड़ाई सोशल मीडिया पर नजर आने लगी है। पूर्व विधायक संजय शुक्ला और उनके भांजे विकास अवस्थी सामने सामने हो गए।**



अवस्थी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर आक्रामक भाषा में बयान दिया और कहा कि मैं बिल्ली का बच्चा नहीं हूं, जो डर जाऊं, क्या करोगे, मेरा मर्डर करवा दोगे। अवस्थी ने यह भी कहा कि आज जो बाणेश्वरी मंदिर की पहचान है, उसमें मेरे नाना सूरज प्रसाद दीक्षित, मेरे पिता अशोक अवस्थी और मेरा भी योगदान है, हालांकि, कुछ देर बाद सोशल मीडिया से उन्होंने वीडियो हटा लिया। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज इंदौर की विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव को लेकर अवस्थी और शुक्ला परिवार के बीच सोशल मीडिया पर बयानबाजी होने लगी थी। इसके बाद परिणामों को लेकर दुर्गेश शुक्ला ने एक-दो पोस्ट डाली। फिर विकास अवस्थी ने अपने बयान का वीडियो डाल दिया, जो खूब वायरल हुआ।

पूर्व विधायक संजय शुक्ला विकास अवस्थी के मामा लगते हैं। पहले संजय शुक्ला और विकास साथ थे। विधानसभा चुनाव में भी विकास ने संजय का साथ दिया, लेकिन विद्या प्रचारिणी सभा के चुनाव को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव शुरू हो गया। इस संस्था के 36 सालों तक विष्णु प्रसाद शुक्ला अध्यक्ष रहे। उनके निधन के बाद संजय शुक्ला अध्यक्ष बने। बाद में सभा में दो गुट खड़े हो गए। इस सभा में कभी चुनाव नहीं हुए, लेकिन मामला कोर्ट तक पहुंचा। विकास अवस्थी ने चुनाव लड़ने की घोषणा की और पारदर्शी पैनल बनाई, लेकिन चुनाव में संजय की पैनल ने एकतरफा जीत दर्ज कराई। तब से दोनों गुटों में विवाद और बढ़ गया था।

चुनाव के बाद मेरे खिलाफ हो रही बयानबाजी से मैं आहत हुआ। इसके बाद मैंने अपना बयान फेसबुक पर पोस्ट किया। बाद में मैने पोस्ट हटा ली।

**- विकास अवस्थी**

विकास कुछ लोगों के बहकावे में है। उन्हें कुछ लोग बरगला रहे हैं। उन्हें इस तरह सार्वजनिक रूप से बयानबाजी नहीं करना चाहिए।

**-संजय शुक्ला, पूर्व विधायक और भाजपा नेता**

# महिला कुश्ती प्रतियोगिता में 8 देशों की पहलवानों के बीच होंगे मुकाबले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदौर में 8 देशों की महिला पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। इस आयोजन की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित दलाल बाग में शाम 4 बजे से होगा। संयोजक मानसिंह ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'देवी अहिल्या होलकर अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती' का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग महिला पहलवानों के बीच कुश्ती अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार मेट पर होगी। आयोजन की तैयारियां ज़ोर-शोर से चल रही है। इस अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती में न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, मेक्सिको, मंगोलिया, नेपाल, भारत सहित अन्य देश से महिला पहलवान शिरकत करेंगी। महिला पहलवानों के बीच अलग-अलग मैच में कई दांवपेंच दर्शकों के देखने को मिलेंगे।

# जेल में बंद युवक को बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पहले से जेल में बंद आरोपी को एक नई घटना में आरोपी बना दिया गया। दरअसल, पुलिस ने 8 दिन पहले ही वारंट के आधार पर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद उसे सेन्ट्रल जेल भेज दिया गया था। फिलहाल वह जेल में ही है।

पूरा मामला 2 मार्च की रात का है, जब बीजेपी पार्षद के समर्थक मोनू जोशी पर प्राणघातक हमला हुआ। मामले में पुलिस ने कृष्णा नायक, कमल नायक और सपना नायक को आरोपी बनाया। वहीं, कमल नायक की शिकायत पर दुकान में घुसकर मारपीट करने के आरोप में मोनू जोशी, गोलू मराठा और अक्की उर्फ आकाश (निवासी दिग्विजय नगर मल्टी) के खिलाफ केस दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि यह पूरा विवाद प्रेम प्रसंग को लेकर हुआ था। खास बात यह है कि अक्की उर्फ आकाश को घटना से कुछ दिन पहले ही पुलिस ने वारंट उल्लंघन के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश भी है। 2 मार्च की रात हुए इस विवाद में गोलू और अक्की को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबाव बना रही थी। जब पुलिस ने अक्की के मामा के बेटे से जानकारी मांगी, तो उसने बताया कि अक्की तो पहले से ही जेल में है और उसे खुद द्वारकापुरी पुलिस ने ही भेजा था। यह सुनकर पुलिसकर्मियों ने कॉल काट दिया। इस मामले में बीजेपी पार्षद समर्थक पीड़ित मोनू जोशी की बहन पिंकी जोशी ने साठगांठ के आरोप लगाए है। उनके मुताबिक एफआईआर दर्ज करने वाले पुलिसकर्मी की मिलीभगत से इस तरह की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों ने थाने में साठगांठ करने के बाद ही उस पर हमला किया था ओर उस पर झूठी एफआईआर दर्ज करा दी। द्वारकापुरी टीआई राहुल राजपूत कहा कि उन्हें मामले की जानकारी लगी है। जब घटना हुई तो दूसरे पक्ष के पीड़ित कमल ने उसका नाम बताया था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक